वार्षिक रिपोर्ट Annual Report 1988 – 89

सत्यमेव जयते



कार्य प्रगति Activities - 1989 – 90

भारतीय डाक विभाग Department of Posts

विषय सूची

पुनरीक्षा	1
डाक प्रचालन में सुधार	4
मानव संसाधन	14
डाक वित वित्त	19
प्रबंध	22
कार्य प्रगति	23

Contents

Overview	25
Improving Postal Operations	27
Human Resources	36
Postal Finances	40
Management	43
Activities	45
Statistical Supplements	47

Cover Photograph: Postal Architecture of Guruvayur Post Office

पुनरीक्षा

समूचे विश्व में डाक प्रशासन इस समय परिवर्तन के एक महत्वपूर्ण मोड़ पर खड़े हैं । सातवें दशक के अंतिम चरण में ही संचार के क्षेत्र में उच्च प्रौद्योगिकी में अभिनव परिवर्तन होने शुरू हो गए थे । आठवें दशक की शुरूआत में ही लोगों ने भविष्यवाणी करनी शुरू कर दी थी कि विकसित विश्व में डाक सेवाएं शीघ्र ही पार्श्व में चली जाएंगी, और विकासशील देशों में इनकी भूमिका अत्यंत कम रहेगी । हालांकि, ये भविष्यवाणियां अभी तक सच नहीं हुई हैं । तथापि, वास्तविकता तो यही है कि संचार के क्षेत्र में पर्याप्त परिवर्तन हुए हैं और डाक सेवाओं को एक रचनात्मक एवं नवीन परिवर्तन लाकर उक्त क्षेत्र में आए परिवर्तनों का उत्तर देना होगा ।

हालांकि, उच्च प्रौद्योगिकी से डाकघर को कोई वास्तविक खतरा नहीं है, क्योंकि उच्च प्रौद्योगिकी डाक प्रणालियों में निश्चित भूमिका निभा सकती है । डाक के शीघ्र निपटान में स्थान और समय के अभाव की समस्या अंततोगत्वा नए प्रौद्योगिकीय उपायों की शुरूआत करके ही सुलझाई जा सकती है । इसी प्रकार, भारतीय डाकघर को, जिसे विशाल राशि के लाखों लेने-देन कागजों पर दर्ज करने पड़ते हैं, जल्दी ही कम्प्यूटरीकरण प्रणाली को अपनाना होगा ।

डाक प्रणाली को निजी उद्यमों की एक बहुत बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है । अनेक दबावों के कारण, और विशेषकर डाकघर द्वारा निपटाई जाने वाली डाक की विशाल मात्रा के कारण, डाक प्रणाली हमेशा पत्रों और पैकेटों के लिए तेज संचारण माध्यम प्रदान नहीं कर सकती । इसलिए, निजी उद्यम, कूरिअरों के रूप में समूचे विश्व में फल-फूल रहे हैं । भारतीय डाक प्रशासन ने रचनात्मक ढंग से प्राइवेट एंटरप्राइज द्वारा इन अतिक्रमणों का उत्तर दिया है । स्पीड पोस्ट की शुरूआत और डाक लाने-ले-जाने के अलावा रुपये भेजने की इसकी सफल कार्यप्रणाली कूरिअरों को प्रभावशाली उत्तर दे रही है । हम रोजगार के अवसरों को कम किए बिना और कर्मचारियों को सरप्लस किए बिना दैनिक कार्य-प्रचालन में उच्च प्रौद्योगिकी की शुरूआत करने के बारे में विचार कर रहे हैं एवं नीतियां बना रहे हैं । विभाग के वर्तमान कर्मचारियों को बेहतर और अतिरिक्त कार्यकुशल बनाने के प्रश्न की भी जांच की जा रही है ।

पिछले एक दशक या उससे भी अधिक समय से, भारतीय डाकघर ने संसाधनों का दबाव महसूस किया है । डाक सेवाओं द्वारा अर्जित राजस्व, डाक सेवाओं को चलाने के लिए आवश्यक राशि से कम पड़ता है । हालांकि कर्मचारियों की संख्या में कोई खास वृद्धि नहीं हुई है, फिर भी कर्मचारियों पर हुआ खर्च ही व्यय का 80 प्रतिशत रहा है । दूसरी ओर, बढ़ते हुए डाक परियात को देखते हुए, कर्मचारियों की संख्या में वृद्धि न होने से अलग समस्याएं उठ खड़ी हुई हैं । पुनरीक्षाधीन वर्ष के दौरान विभाग ने इस क्षेत्र में भी नई पहल की है ।

डाक विभाग ग्रामीण क्षेत्रों के प्रति अपने उत्तरदायित्व को समझता है । हमारी 75 प्रतिशत से भी अधिक जनसंख्या गांवों में रहती है । इसमें कोई सन्देह नहीं है कि विगत में डाक नेटवर्क का अत्यंत अधिक विस्तार हुआ है और ग्रामीण परिदृश्य पर डाकघर ने एक महत्वपूर्ण स्थान अर्जित किया है । तथापि, संसाधनों के दबाव और पर्याप्त परियात के अभाव में हाल के वर्षों में विकास की गति धीमी रही । चूंकि डाकघर सामान्य जनता की सेवा करते हैं, इसलिए ग्रामीण क्षेत्रों में आम आदमी को सुविधाएं प्रदान करने के लिए इस व्यवस्था को मजबूत बनाना व इसका विस्तार करना डाक विभाग के कर्तव्यों में से एक है । पुनरीक्षाधीन वर्ष के दौरान, विभाग ने अपना ध्यान नए डाकघर खोलने के लिए नए मानदंड बनाने की ओर केन्द्रित किया । ग्रामीण क्षेत्रों को डाक सुविधाओं ने किस प्रकार प्रभावित किया है इसकी वास्तविक जानकारी प्राप्त करने के लिए भी अध्ययन

किए जा रहे हैं । डाक सुविधाएं प्रदान करने के लिए पंचायत डाक सेवक योजना और पंचायत ग्राम की अवधारणा उक्त दृष्टि से, मुख्य विषय रहा है । इन योजनाओं की पुनरीक्षा की गई और उक्त दोनों योजनाओं का नियंत्रित विस्तार करने पर विचार किया गया । डाक विभाग की राजस्व अर्जित करने की क्षमता को बढ़ाने के लिए राजस्व अर्जित करने वाले नए क्षेत्रों और नई सेवाएं शुरू करने की भी जांच की जा रही है । इस समय लोगों को डाक सेवाएं एक ऐसी लागत पर प्रदान की जा रही हैं जो प्रत्येक सेवा पर आने वाले वास्तविक खर्च की तुलना में काफी कम है । अतः लागत में कमी केवल तभी आ सकती है, यदि सेवाओं को इस प्रकार अनुकूल बनाया जाए । ताकि ऐसे निगमों और अन्य उपभोक्ताओं से और अधिक राजस्व प्राप्त किया जा सके जो डाक सेवाओं का व्यापक रूप से इस्तेमाल करते हैं ।

विभाग की नीति संबंधी कार्य-सूची में अतिरिक्त विभागीय कर्मचारियों की सेवा शर्तों में सुधार करने का प्रश्न एक महत्वपूर्ण नई मद है । अतिरिक्त विभागीय कर्मचारियों को सरकार के अधीन सिविल पदों का धारक माना जाता है । चूंकि वे केवल अंशकालिक आधार पर काम करते हैं, इसलिए उन्हें मुख्यतः कार्यभार से जुड़े फार्मूले के अनुसार पारिश्रमिक दिया जाता है । हमारा ध्यान इस ओर भी गया है कि अतिरिक्त विभागीय कर्मचारियों को मिलने वाले पारिश्रमिक और सेवा शर्तों के लिए क्या कोई बेहतर प्रणाली शुरू की जा सकती है और ऐसी नीतिगत पहल करने पर जो अतिरिक्त लागत आएगी क्या उसे राजस्व अर्जित करने वाली अन्य सेवाओं से पूरा किया जा सकेगा ।

चूंकि, डाक सेवाओं के अंतर्गत आने वाली प्रत्येक सेवा पर जो लागत आती है, वह उसके लिए किए जाने वाले वास्तविक खर्च की तुलना में काफी अधिक होती है, इसलिए भारतीय डाक प्रणाली को एक कठिन स्थिति का सामना करना पड़ रहा है । डाक परियात में संतोषजनक दर से वृद्धि होती रही है और परियात में हुई प्रत्येक वृद्धि के साथ खर्चा भी बढ़ा है और इसी प्रकार आय और खर्च के बीच भी अंतर बढ़ता रहा है । हालांकि, सरकार डाक सेवा को आय का साधन तो नहीं मानती, लेकिन लक्ष्य यह है कि ये सेवा अपना खर्चा स्वयं पूरा करे, या फिर कम से कम अपने घाटे को नियंत्रित रखे । विभाग ने अपनी कार्यक्षमता को घटाए बगैर किफायत के लिए संगठित प्रयास किए हैं । इन प्रयासों के फलस्वरूप घाटे में कमी आई । वर्ष 1988-89 में घाटा 169.70 करोड़ रु. तक सीमित रहा है जबकि 1987-88 में विभाग को 190.90 करोड़ रु. का घाटा हुआ था ।

पुनरीक्षाधीन वर्ष के दौरान कुल डाक परियात 4628 मिलियन था जबकि वर्ष 1987-88 में यह 4612 मिलियन रहा था ।

वर्ष के दौरान जिन महत्वपूर्ण बातों पर जोर दिया गया, उनमें कर्मचारियों को अपनी विशिष्टता पहचान कर उन्हें अधिक काम करने के लिए प्रोत्साहित करना भी था । इस बात को ध्यान में रखते हुए, राष्ट्रीय स्तर पर मेघदूत पुरस्कार और क्षेत्रीय स्तर पर डाक सेवक पुरस्कार योजना का विस्तार किया गया और उसे अधिक आकर्षक बनाया गया । खेल एवं कल्याण कार्यकलापों को बढ़ाने की दिशा में भी पर्याप्त ध्यान दिया गया । विभाग का प्रतिनिधित्व करने वाले पुरुष एवं महिला खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिला ।

विभाग को 25.5.1989 को एक दिन की हड़ताल का सामना करना पड़ा । इस हड़ताल का आह्वान कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व करने वाले तीन में से एक महासंघ द्वारा किया गया था । हालांकि, महासंघ की सभी उचित मांगों को पूरा करने और उन्हें लागू करने के लिए कार्रवाई चल रही थी व उनके साथ निरन्तर बातचीत की जा रही थी, फिर भी उक्त महासंघ ने एक दिन की हड़ताल करना ठीक समझा । चूंकि, कर्मचारियों के काफी बड़े वर्ग ने हड़ताल के इस आह्वान पर कोई उत्साह नहीं दिखाया, इसलिए सेवाओं में कोई खास रुकावट नहीं आई । अच्छे नियोक्ता-कर्मचारी संबंधों की पिछले पचास वर्षों से भी अधिक समय से चली आ रही अपनी परम्परा की भावना के अनुरूप, विभाग कर्मचारियों के प्रतिनिधियों के साथ सभी मामलों पर विचार-विमर्श करता रहा ।

क्षेत्रीय कार्यालयों में उच्च स्तर की प्रशासन व्यवस्था कायम करने के लिए सर्किलों के संरचनात्मक स्वरूप को पुनर्गठित किया जा

रहा है । इस नई योजना के अधीन, देश में डाक सर्किल तो 19 ही रहेंगे लेकिन क्षेत्रीय-कार्यालय (रिज़न) 59 होंगे तथा प्रत्येक क्षेत्रीय-कार्यालय पोस्टमास्टर जनरल या उससे भी उच्च स्तर के अधिकारी के अधीन रहेगा । कार्यक्षमता को सुधारने तथा कर्मचारियों को पदोन्नति के बेहतर अवसर व अपने काम से मनस्तोष प्राप्त करने के अवसर प्रदान कराने के उद्देश्य से कुछ अन्य प्रचालन संवर्गों का पुनर्गठन करने के बारे में भी सक्रिय रूप से विचार किया जा रहा है ।

कुल मिलाकर, वर्ष 1988-89 को देश में डाक सेवाओं के विकास के परिप्रेक्ष्य में एक महत्वपूर्ण चरण के रूप में देखा जा सकता है। नई चुनौतियों का सामना करने के लिए रचनात्मक एवं नवीन कार्यक्रम बनाए गए हैं, तथा दूरगामी उपायों की शुरूआत की गई है । जहां तक विभाग की वित्तीय स्थिति का संबंध है इसमें थोड़ा-बहुत सुधार तो हुआ है और अधिक राजस्व अर्जित करने वाली नई-नई योजनाओं को चालू करने के फलस्वरूप, ऐसी संभावना है कि इसमें अभी और सुधार होगा ।

डाक प्रचालन में सुधार

लक्ष्य

इस वर्ष सेवा की गुणवत्ता में सुधार व इसका विस्तार करने तथा उपभोक्ता को अधिक से अधिक संतुष्ट करने का हमारा प्रयास रहा है । हमारी सम्पूर्ण प्रचालन व्यवस्था इन उद्देश्यों को प्राप्त करने में लगी हुई है । समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, मौजूदा नेटवर्क को ठोस बनाया गया और उपभोक्ताओं को पूरी तरह संतुष्ट करने तथा सेवा को ग्राह्य बनाने के लिए अनेक नए उपाय किए गए ।

डाक नेटवर्क का विस्तार

31.3.1989 की स्थिति के अनुसार, डाक नेटवर्क के अंतर्गत 1,45,238 डाकघर थे, जिनमें 1,29,045 ग्रामीण क्षेत्रों में और 16,193 शहरी क्षेत्रों में थे । प्रत्येक डाकघर औसतन 22.63 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र तथा 4718 लोगों को सेवा प्रदान करता है । विकास के इस स्तर को देखते हुए, देश, विश्व डाक संघ (यू.पी.यू.) द्वारा अपनाए गए मानदंड भलीभांति पूरे करता है जिनमें यह व्यवस्था है कि औसतन 20 से 40 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र के लिए अथवा 3,000 से 6,000 तक की जनसंख्या के लिए एक डाकघर होना चाहिए । देश में कुल 4,94,661 लेटर बॉक्स थे, जिनमें से 4,12,506 ग्रामीण क्षेत्रों में तथा 82,155 शहरी क्षेत्रों में थे ।

ग्रामीण डाक सेवाओं में विस्तार को सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से घाटे की स्वीकार्य सीमा की अवधारणा (सामान्य क्षेत्रों मे प्रतिवर्ष प्रति डाकघर 2,400 रु. तथा पहाड़ी, पिछड़े एवं जनजातीय क्षेत्रों में 4,800 रु.) को छोड़ दिया गया । अब नये डाकघर इस शर्त पर खोले जा रहे हैं कि इनसे सामान्य ग्रामीण क्षेत्रों में न्यूनतम आय लागत का $33\frac{1}{3}$ % तथा पहाड़ी, पिछड़े और जनजातीय क्षेत्रों में 15% हो ।

वार्षिक योजना 1988–89 के अंतर्गत मंजूर किये गए 2548 नए डाकघरों में से, 569 डाकघर (22.33%) विशेष श्रेणी के राज्यों (जम्मू–कश्मीर, अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, मेघालय, मिज़ोरम, नागालैंड, मणिपुर, त्रिपुरा और अरुणाचल प्रदेश) तथा अण्डमान एवं निकोबार द्वीप समूह के लिए मंजूर किए गए । अण्डमान एवं निकोबार द्वीप समूह में 7 द्वीप समूहों (रुटलैण्ड, ट्रिंकट, लिटल निकोबार, पील, कोंडुल, पुलोमिलो और स्ट्रेट आईलैंड) को पहली बार राष्ट्रीय डाक नेटवर्क में लाया गया है । इस वर्ष के दौरान 807 नए डाकघर खोले गए ।

इस वर्ष के दौरान पंचायत डाक सेवक योजना में आगे और विस्तार किया गया । इस वर्ष के दौरान 16 राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में 2878 ग्राम पंचायतों में यह योजना चालू की गई ।

डाक परियात

डाकघरों की संख्या



डाक परियात में निरन्तर तेजी से वृद्धि होती जा रही है । वर्ष के दौरान, विभाग ने 4628 मीलियन डाक वस्तुओं का निस्टान किया । जावक विदेश पार्सल परियात में मामूली सी कमी आई । गत वर्ष 2.41 लाख के परियात की तुलना में जावक विदेश पार्सलों की कुल संख्या 2.18 लाख थी । निस्टान किए गए आवक विदेश पार्सलों की संख्या 5.62 लाख थी जबकि गत वर्ष यह 6.3 लाख थी । पारगमन में निपटाये गए पार्सलों की संख्या 12535 थी ।

1980-81 से डाक परियात



मदवार डाक परियात



स्पीड पोस्ट

विभाग अब अपने परंपरागत प्रचालनों के कुछ क्षेत्रों में प्रतिस्पर्द्धा का सामना कर रहा है । जहां पत्र डाक को लाने-ले-जाने पर विभाग का एकाधिकार है, वहां दस्तावेजों और पार्सलों को लाने-ले-जाने में प्राइवेट कूरिअर भी इस क्षेत्र में आगे आ गए हैं । लम्बे समय से प्रचलित अपनी परंपराओं और डाक से पारेषण और वितरण के क्षेत्र में अनुभव का प्रयोग

करते हुए विभाग ने 1986 में "स्पीड पोस्ट" नामक एक गारंटीशुदा वितरण सेवा प्रारम्भ की है जो सस्ती और प्राइवेट कूरिअर सेवाओं का अधिक विश्वसनीय विकल्प है । समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, स्पीड पोस्ट सेवा में 13 और केन्द्र शामिल किए गए, जिससे देश में इन केन्द्रों की कुल संख्या 50 हो गई । स्पीड पोस्ट सेवा के परियात का विश्लेषण करने से यह पता चला है कि उपभोक्ताओं ने इस सेवा को स्वीकार किया है और इसका उपयोग बढ़ता जा रहा है । इस प्रकार, अप्रैल 1987 में 14 स्पीड पोस्ट सेवा केन्द्रों से 68264 डाक वस्तुओं के साधारण से परियात से यह सेवा प्रारम्भ हुई और मार्च 1989 में यह परियात 50 केन्द्रों और 6 विस्तार काउंटरों से 2,18,993 वस्तुओं तक पहुंच गया है, जिसका अर्थ यह है कि इसमें दो सौ प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है । अलग-अलग केन्द्रों के परियात आंकड़ों से भी यह पता चलता है कि स्पीड पोस्ट सेवा की ग्राह्यता में बृहत् वृद्धि हुई है ।

अन्तर्राष्ट्रीय क्षेत्र में, स्पीड पोस्ट सेवा को 34 देशों के साथ जोड़ दिया गया है । विभाग ने ब्राजील डाक प्रशासन के साथ बीमाकृत हवाई पार्सल सेवा चालू की है जिसकी अधिकतम बीमा सीमा 10,000/-रु. है ।

स्पीड पोस्ट (अंतर्देशीय)
(हजार में)



नई सेवायें

स्पीड मनीआर्डर

विभाग ने 14.5.1988 से स्पीड मनीआर्डर नामक एक नई सेवा प्रारम्भ की है । यह सेवा स्पीड पोस्ट नेटवर्क के माध्यम से अत्यंत शीघ्रता से धन अन्तरण प्रणाली सुलभ कराती है जिससे इन स्पीड पोस्ट केन्द्रों में किसी भी केन्द्र में ऐसे मनीआर्डरों का गारंटीशुदा वितरण प्राप्तकर्ता के घर पर सुलभ हो जाता है ।

यह सेवा प्रति स्पीड मनीआर्डर 5/–रु. के मामूली से अतिरिक्त शुल्क पर उपलब्ध कराई जाती है, चाहे इसका मूल्य कुछ भी हो । इसके अलावा, यदि उपभोक्ता चाहे तो, 3 रु. के अवकाश वितरण शुल्क पर ऐसे मनीआर्डरों का भुगतान छुट्टी वाले दिनों भी (तीन राष्ट्रीय छुट्टियों के अलावा) किया जा सकता है । यद्यपि उत्कृष्ट बैंकिंग प्रणाली भी प्राप्तकर्ता के घर पर नकदी के अदायगी की व्यवस्था नहीं करती है, परन्तु स्पीड मनीआर्डर ने देश के भीतर धन अन्तरण में क्रांति ला दी है ।

अन्तर्राष्ट्रीय वाणिज्यिक स्पीड पोस्ट

15.4.1988 से अन्तर्राष्ट्रीय वाणिज्यिक स्पीड पोस्ट सेवा चालू की गई । जिन वस्तुओं के लिए बीमा आवश्यक न हो, ऐसी वस्तुएं वाणिज्यिक स्पीड पोस्ट के बतौर इस सेवा के अंतर्गत भेजी जा सकती हैं । समीक्षाधीन वर्ष के अन्तर्गत अन्तर्राष्ट्रीय वाणिज्यिक स्पीड पोस्ट 19 देशों के साथ स्थापित की गई ।

तकनीकी विकास

डाक प्रचालनों में उच्च तकनालॉजी को व्यापक पैमाने पर लागू करने से पूर्व, वर्ष के दौरान विभिन्न डाक प्रचालनों में सीमित परन्तु विविध तकनालॉजी नवपरिवर्तनों को आरम्भ करने की कार्रवाई की गई । वज़न मापने वाली इलैक्ट्रानिक मशीनों को लागू करने के लिए आर एण्ड डी के प्रयत्नों से एक प्रोटोटाइप का विकास किया गया जिसका सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया । इन मशीनों से इन पर रखी गई वस्तुओं पर देय डाक शुल्क और वस्तुओं के भार का पता चलता है । ऐसी दो वज़न मापने वाली मशीनें दिल्ली डाक सर्किल में सफलतापूर्वक चालू की गई थीं । इसी प्रकार की दस और वज़न मापने वाली मशीनें सितम्बर 1989 में इसी सर्किल में चालू की गईं । बहु प्रयोजन वज़न मापने वाली मशीनें चालू करने का प्रयोग काफी सफल रहा । दिल्ली सर्किल में पांच मशीनें पहले ही लगा दी गई हैं और ये सफलतापूर्वक कार्य कर रही हैं । 25 और मशीनों के लिए आर्डर दे दिया गया है । ये मशीनें पी सी पर आधारित है तथा विविध कार्य करती हैं । डाक उत्कृष्टता विशेषज्ञ समिति की महत्वपूर्ण सिफारिशों में एक सिफारिश यह थी कि हमें आगामी पांच वर्ष में 20,000 पी सी पर आधारित मशीनें लागू करनी चाहिएं । इस सिफारिश को कार्यान्वयन के लिए स्वीकार कर लिया गया है । श्रीनगर मे एक वैज्ञानिक प्रयोगशाला ने इसके लिए आवश्यक सॉफ्टवेयर का विकास किया है । आगामी पंचवर्षीय योजना के दौरान और मशीनें चालू करने के लिए आगामी कार्रवाई चल रही है ।

बड़े छंटाई कार्यालयों में समय और स्थान के अभाव की समस्या का सामना करने के लिए इस दिशा में पहले कदम के रूप में बंबई में एक पूर्णतया स्वचल छंटाई परियोजना चालू करने का निर्णय लिया गया है । कम्प्यूटर मेंटिनेन्स कार्पोरेशन को एक परामर्शदाता के रूप में नियुक्त किया गया है और प्रणाली को संस्थापित करने एवं चालू करने के लिए विश्व–व्यापी टेंडर आमंत्रित करने के लिए तैयारियां चल रही हैं ।

उच्च क्वालिटी की डाक विरूपण मोहरों के स्वदेश में ही निर्माण करने के प्रयासों में पर्याप्त सफलता मिली है । दिल्ली की एक फर्म ने हाथ से विरूपण करने वाली पॉलिमर पर आधारित मोहर का विकास किया है, जिसकी क्वालिटी की तुलना विदेशों में निर्मित इसी तरह की मोहरों के साथ बखूबी की जा सकती है । ऐसी 300 मोहरों के लिए आदेश दे दिया गया है । देश में निर्माण की पर्याप्त सुविधा उपलब्ध होने पर इन आदेशों में वृद्धि कर दी जाएगी । इस दौरान, विभाग के आर एण्ड डी विंग ने सोसायटी द्वारा अलीगढ़ में निर्मित मोहरों और सीलों की घटिया क्वालिटी के कारणों का पता लगाने के लिए एक अध्ययन किया है । यह सोसायटी देश में और कुछ पड़ौसी देशों को सभी मोहरों और सीलों की परम्परागत सप्लॉयर है । आर एण्ड डी विंग की सिफारिशों के आधार पर, अलीगढ़ में निर्मित मोहरों की बढ़िया मजबूती और टिकाऊपन सुनिश्चित करने के वास्ते मोहरों को उपयुक्त हीट ट्रीटमेन्ट देने के लिए आधुनिक उपस्कर लगाया जा रहा है ।

आर एण्ड डी विंग ने डाक थैले के लिए हलकी सामग्री के विकास हेतु भी अध्ययन

प्रारम्भ किया है । जैसा कि सर्वविदित है, परम्परा से चली आ रही सामग्री, पानी, जूट के न केवल महंगे होने परन्तु भारी होने के कारण भी परिवहन लागत में वृद्धि होती है । चूंकि इसमें काफी मात्रा में धूल जमा हो जाती है अतः जूट का थैला सेहत के लिए भी हानिकर है । आर एण्ड डी द्वारा किये गए प्रयत्नों के फलस्वरूप, जूट तकनालॉजी रिसर्च लेबोरेटरी द्वारा उपलब्ध कराई गई तकनालॉजी के आधार पर नेशनल जूट मैन्युफैक्चरिंग कार्पोरेशन ने जूट एवं उच्च सघनता वाली पॉलिथीनयुक्त सेंथेटिक सामग्री का सफलतापूर्वक निर्माण किया है । जूट जैसी मजबूती होने के साथ-साथ यह सामग्री जूट से 30% हलकी है । नैशनल जूट मैन्युफैक्चरिंग कार्पोरेशन ने जो सामग्री निर्गित की है वह परीक्षण के लिए 500 थैलों के लिए पर्याप्त है । इन थैलों का अब विभिन्न कार्यालयों में परीक्षण किया जा रहा है और सफलतापूर्वक परीक्षण के बाद इनका प्रयोग बढ़ाया जाएगा ।

डाक उत्कृष्टता विशेषज्ञ समिति ने इलेक्ट्रानिक डाक प्रारम्भ करने की भी सिफारिश की है । इस परियोजना के कार्यान्वयन के वास्ते आवश्यक हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर का विकास करने के लिए कार्रवाई प्रारम्भ कर दी गई है । इस दिशा में विभाग के प्रयत्नों में दूरसंचार आयोग और सी-डॉट भी मदद कर रहे हैं ।

डाक जीवन बीमा कार्य के कम्प्यूटरीकरण के लिए नैशनल इन्फरमैटिक सेन्टर (एन. आई. सी.) द्वारा सॉफ्टवेयर का विकास किया जा रहा है । इससे बेंगलूर में डाक जीवन बीमा लेखा के लिए प्रयोग किया जा रहे कम्प्यूटर का प्रचालन सफल रहा । एक बार एन. आई. सी. द्वारा विकसित यथोचित साफ्टवेयर उपलब्ध हो जाने पर डाक जीवन बीमा के अन्य महत्वपूर्ण केन्द्रों में भी कम्प्यूटरीकरण प्रारम्भ कर दिया जाएगा ।

मुख्य डाकघरों के लेखा को कम्प्यूटरीकृत करने का एक निर्णय पहले भी लिया जा चुका है । सर्वप्रथम तमिलनाडु सर्किल के 20 मुख्य डाकघरों के खातों को कम्प्यूटरीकृत करने के लिए हार्डवेयर की आपूर्ति और साफ्टवेयर विकसित करने के टेंडर आमंत्रित कर दिए गए हैं । यदि यह योजना तमिलनाडु में सफल हो जाती है तो आने वाले वर्षों में अन्य मुख्य डाकघरों के लिए भी कम्प्यूटरों का प्रयोग करना प्रारंभ कर दिया जाएगा ।

डाक परिसर

डाक प्रचालन में सुधार के लिए जिन क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जाना है उनमें एक क्षेत्र है डाकघरों के लिए विशेष तौर पर डिज़ाइन किए गए विस्तृत भवन उपलब्ध कराना । 1988-89 के दौरान डाक विभाग को कार्यालय भवनों, स्टाफ क्वार्टरों के निर्माण, भूमि के क्रय और लुटपुट निर्माण कार्य के लिए 28.5 करोड़ रु. का विनियोजन प्राप्त हुआ । फिर भी, विभाग ने पुनः विनियोजन के जरिए अतिरिक्त 4.77 करोड़ रु. का उपयोग करते हुए वर्ष के दौरान भवन कार्यक्रमों पर 33.27 करोड़ रु. के परिव्यय में वृद्धि की । मौजूदा 7 भवनों और 352 स्टाफ क्वार्टरों के विस्तार सहित 156 नए डाक और रेल डाक सेवा भवनों का निर्माण-कार्य प्रारंभ किया गया । वर्ष के दौरान 112 कार्यालय भवनों और 535 स्टाफ क्वार्टरों (मौजूदा 7 भवनों के विस्तार सहित) का निर्माण-कार्य पूरा किया गया ।

बचत बैंक

जनता ने डाकघर बचत बैंक में अपनी आस्था बरकरार रखी है । यह देश में सबसे बड़ा बचत बैंक है । जमाकर्त्ताओं को बेहतर सेवाएं सुलभ कराने और प्रचालन में मितव्ययिता लाने के उद्देश्य से वर्ष 1988-89 में विभिन्न उपाए किए गए । उनमें से कुछ का सार नीचे दिया गया है :

— मासिक आय लेखा योजना में की जा सकने वाली जमा की अधिकतम सीमा एकल खाते में 1 लाख रु. से बढ़ा 2 लाख रु. और संयुक्त खाते में 2 लाख से बढ़ाकर 4 लाख रु. कर दी गई है ।

— संसद मार्ग प्रधान डाकघर के बचत बैंक और आवर्ती जमा, संचयी सावधि जमा के कम्प्यूटरीकरण के लिये "पायलट परियोजना" सफलतापूर्वक प्रारम्भ की गई और 1.4.89 से डुप्लीकेट लेजरों को हाथ से तैयार करना बंदकर दिया गया है । एस बी सी ओ के सभी क्रियाकलाप अब कम्प्यूटर केन्द्र द्वारा किए जाते हैं ।

— इस बात पर ध्यान दिए बिना कि डाकघर ग्रामीण क्षेत्र में स्थित है अथवा

शहरी क्षेत्र में, अब प्रोत्साहन कमीशन अतिरिक्त विभागीय शाखा पोस्टमास्टरों, अतिरिक्त विभागीय उप पोस्टमास्टरों को भी दिया जाएगा । पहले प्रोत्साहन कमीशन केवल ग्रामीण क्षेत्र के अतिरिक्त विभागीय शाखा पोस्टमास्टरों, अतिरिक्त विभागीय उप–पोस्टमास्टरों को ही दिया जाता था ।

— संरक्षित बचत योजनाओं के तहत दावों का पंजीकरण और सत्यापन अब सर्किल अध्यक्ष द्वारा किया जाता है न कि राष्ट्रीय बचत आयुक्त द्वारा जैसा पहले किया जाता था ।

इससे कार्य प्रक्रिया में आसानी हुई है और इससे समय भी कम लगता है ।





नयी योजना

1.4.1988 से किसान विकास पत्र नाम से बचत पत्रों की एक नयी शृंखला प्रारम्भ की गई है । 1000/–रु., 5,000/– रु. और 10,000/–रु. के मूल्यवर्ग के बचत पत्र किसी भी संख्या में खरीदे जा सकते हैं । इन बचत–पत्रों की परिपक्वता अवधि $5\frac{1}{2}$ वर्ष होगी जो उनकी जारी करने की तारीख से प्रारम्भ होगी । 1,000/–रु. के मूल्यवर्ग वाले बचत–पत्र की परिपक्वता अवधि समाप्त होने पर उसे भुनाने पर राशि (देय ब्याज सहित) 2,000/–रु. और इसके बाद के मूल्यवर्गों की राशि इसी आनुपातिक दर पर होगी ।

बचत योजनाएं

जमाकर्त्ताओं की विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए डाकघर अनेक प्रकार की योजनाएं चलाता है । डाकघर परंपरागत बचत सुविधाओं जैसे बचत खाता, आवर्ती जमा खाता और सावधि जमा खाता के अतिरिक्त निम्नलिखित आकर्षक योजनाएं भी चलाता है ।

राष्ट्रीय बचत खाता योजना

इस योजना के तहत एक वर्ष में जमा की गई संपूर्ण राशि पर आयकर अधिनियम की धारा 80–सीसीए के तहत छूट दी जाती है । योजना के तहत एक वर्ष में अधिकतम 30,000/– रु. जमा कराए जा सकते हैं । इस पर 11 प्रतिशत ब्याज है ।

डाकघर मासिक आय खाता योजना

इस योजना के तहत की गई जमा पर 12 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से ब्याज दिया जाता है और यह ब्याज प्रति मास दिया जाता है । यद्यपि परिपक्वता अवधि 6 वर्ष है, फिर भी इसे एक वर्ष बाद समय से पूर्व 5 प्रतिशत की छूट पर भुनाया जा सकता है । परिपक्वता पर देय 10 प्रतिशत अतिरिक्त बोनस इस योजना का अतिरिक्त आकर्षण है ।

इन्दिरा विकास पत्र

कोई भी इन पत्रों, जो पूर्णतया अन्तरणीय और परक्राम्य हैं, को खरीद सकता है । ये पत्र 100, 200, 500, 1000 और 5000 रु. के मूल्यवर्ग में हैं । इनका छिपा मूल्य, अंकित मूल्य, जिसे धारक 5 वर्ष की अवधि में दुगुना प्राप्त कर लेता है, का आधा है । पत्रों पर क्रेता का नाम नहीं होता है और किसी भी संख्या में ये पत्र खरीदे जा सकते हैं ।

सामाजिक सुरक्षा–पत्र

18–45 वर्ष की आयु वर्ग के व्यक्ति इस 10 वर्षीय योजना में निवेश कर सकते हैं जिसकी अधिकतम सीमा 5000/–रु. है । इन बचत पत्रों का मूल्य परिपक्वता पर तीन गुना हो जाएगा । यदि बचत पत्र खरीदने के दो वर्ष बाद धारक की मृत्यु हो जाती है तो नामिती अथवा कानूनी उत्तराधिकारी को संपूर्ण परिपक्वता मूल्य प्राप्त करने का अधिकार है ।

डाक जीवन बीमा

जीवन बीमा योजना भारत सरकार द्वारा वर्ष 1884 में प्रारम्भ की गई थी । इस योजना का संचालन और प्रचालन डाक विभाग द्वारा किया जाता है । बचत बैंक की भांति, डाक जीवन बीमा में पालिसियों की संख्या और प्रति पालिसी प्रीमियम में भी लगातार वृद्धि हुई है । डाक जीवन बीमा निम्नलिखित पालिसियां प्रदान करता है :

- बंदोबस्ती बीमा
- आजीवन बीमा
- परिवर्तनीय आजीवन बीमा
- प्रत्याशित बंदोबस्ती बीमा

प्रत्याशित बंदोबस्ती बीमा पालिसी में जोखिम भी है पर साथ ही यह आवधिक वित्तीय रिटर्नस भी सुलभ कराती है जो परिपक्वता से काफी समय पूर्व प्रारंभ होती है । पालिसी की अवधि के दौरान बीमाकर्त्ता की मृत्यु होने पर उसके आश्रित उत्तरजीविता लाभों के रूप में अदा की गई राशि को

ध्यान में रखे बिना प्रोद्भूत बोनस और संपूर्ण बीमाकृत राशि प्राप्त करने के हकदार हैं । बीमादार की 57 वर्ष की आयु के बाद आजीवन पालिसियां बंदोबस्ती बीमा पालिसियों में बदली जा सकती हैं । एक पालिसी धारक अपनी पालिसी की श्रेणी बदले बिना मासिक प्रीमियम और बीमाकृत राशि में कटौती करने का आवेदन कर सकता है । 3 वर्ष तक प्रीमियम का भुगतान करने के बाद पालिसी सौंपी जा सकती है अथवा पालिसी का भुगतान किया जा सकता है । पालिसी प्रारम्भ होने के प्रथम 3 वर्षों के दौरान प्रीमियम का भुगतान न किए जाने के कारण व्यपगत पालिसियों के पुनर्जीवन की अनुमति, उत्तम स्वास्थ्य का प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करने और 8 प्रतिशत ब्याज पर प्रीमियम बकाया का भुगतान करने के बाद दी जाती है ।

डाक जीवन बीमा अपने बीमाकर्ताओं से एक समान कम प्रीमियम दरें वसूल करता है। साल के लिए अग्रिम रूप से अदा किए गए प्रीमियम पर 2 प्रतिशत की छूट भी दी जाती है । डाक जीवन बीमा अपने उपभोक्ताओं को उत्तरोत्तर बोनस की उच्च दरें प्रदान करता रहा है ।





पिछले कुछ वर्षों के दौरान घोषित बोनस निम्न प्रकार है :

	आजीवन बीमा	बंदोबस्ती बीमा
	(बीमाकृत राशि प्रति हजार प्रति वर्ष)	
1983–85	59/–रु.	47/–रु.
1985–86	67/–रु.	54/–रु.
1986–87	74/–रु.	60/–रु.
1987–88	78/–रु.	63/–रु.
1988–89	80/–रु.	65/–रु.

फिलैटली

पुनरीक्षाधीन वर्ष के दौरान विभाग ने स्मारक/विशेष डाक-टिकट श्रेणी में कम से कम 57 नए डाक-टिकट जारी किए । इसके अतिरिक्त विभाग ने नियत श्रेणी में दो विशेष डाक-टिकट भी निकाले ।

आंध्र प्रदेश और कर्नाटक में दो राज्य स्तर की प्रदर्शनियां आयोजित की गईं । विभाग ने फिनलैंड, चैकोस्लोवाकिया, दक्षिण कोरिया और ईराक में आयोजित चार अन्तर्राष्ट्रीय फिलैटली प्रदर्शनियों में भी भाग लिया । इस फिलैटली ब्यूरो और समूचे देश के 155 फिलैटली काउंटरों के जरिए बड़ी संख्या में डाक-टिकट विरूपण और विशेष आवरण भी जारी किए गए ।

भारत-89

भारतीय डाक विभाग ने 20 जनवरी, 29 जनवरी, 1989 तक विश्व फिलैटली प्रदर्शनी भारत-89 का आयोजन किया । इस प्रदर्शनी का उद्घाटन भारत के राष्ट्रपति द्वारा किया गया ।भारत-89 की "प्रदर्श श्रेणी" में 90 देशों के लगभग 800 फिलैटेलिस्टों ने भाग लिया । बारह विदेश डाक प्रशासनों, चार विदेश डाक-टिकट डीलरों और नौ भारतीय डाक-टिकट डीलरों ने 32 बूथों के माध्यम से बिक्री के लिए पर्याप्त सामग्री उपलब्ध करायी ।

जन शिकायतें

परिवाद में विलंब के संबंध में शिकायतों की संख्या 1987-88 में 711925 से घटकर 1988-89 में 681417 हो गई । कुल परिवाद की तुलना में निपटाई गई शिकायतों की संख्या केवल 0.00489 प्रतिशत रही । यद्यपि प्रतिशतता की दृष्टि से शिकायतों की संख्या नगण्य है और विभाग के लिए यह संतोष की बात है परन्तु यह मानकर कि किसी भी शिकायत से समूची सेवा की प्रतिष्ठा कम होती है, प्रत्येक शिकायत को दूर करने के लिए सचेतन प्रयास किए जाते रहे तथा यह सुनिश्चित किया जाता रहा कि उसमें तुरन्त सुधार किया जाए और बिना किसी विलंब के अवरोधों को दूर किया जाए । विभाग शिकायत के कारणों को दूर करने और शिकायत वाले क्षेत्रों की मानीटरिंग के लिए केन्द्रीय प्रशासनिक सुधार विभाग और जन शिकायत निदेशालय के साथ मिलकर कार्य करता रहा है ।

डाक प्रक्रियाओं का सुधार

राष्ट्रीयकृत बैंकों के जरिए डाकघरों के लिए वित्तीय व्यवस्था करने की योजना मध्य प्रदेश सर्किल में भी लागू की गई ।

50 पैसे मूल्यवर्ग के भारतीय पोस्टल आर्डर बंद कर दिए गए और भारतीय पोस्टल आर्डरों पर 3/-रु. तक के मूल्य के डाक-टिकट चिपकाने की अनुमति दी गई है ताकि शेष राशि को पूरा किया जा सके । इससे विषम मूल्य के भारतीय पोस्टल आर्डर खरीदने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी ।

महानिदेशालय के परिपत्र, जो बंद कर दिए गए थे, पुनः प्रारम्भ कर दिए गए है, उनमें महत्वपूर्ण सूचनाएं, नियमों और प्रक्रियाओं में परिवर्तन की सूचना और संबंधित घोषणाएं होती हैं ।

रजिस्टर्ड वस्तुओं के प्रेषकों के लिए उन पर अपना पता लिखना आवश्यक कर दिया गया है ताकि यदि वस्तुएं वितरित न हो सकें, तो उन्हें तुरन्त लौटाया जा सके ।

रजिस्टर्ड वस्तुओं को एकमुश्त में भेजने वालों के लिए 2 प्रतिशत की छूट देने की योजना प्रारम्भ की गई थी, बशर्ते कि वस्तुएं पहले से छांटी गयी हों और विशेष रजिस्टर्ड जर्नल और रजिस्टर्ड सूची में विधिवत् दर्ज करके प्रस्तुत की गई हों ।

मानव संसाधन

कर्मचारियों की नियुक्ति

समूचे देश के लोगों की आवश्यकताओं की पूर्ति कर रहे इस व्यापक नेटवर्क के होते हुए विभाग को अपने स्टाफ की दक्षता, परिश्रम और ईमानदारी पर भरोसा करना पड़ता है । विभाग रोजगार प्रदान करने वाले बड़े सरकारी विभागों में से एक है जिसमें समूची केन्द्रीय सरकार के लगभग 8.93% (31.3.86 की स्थिति के अनुसार) कर्मचारी हैं। 31.3.1989 की स्थिति के अनुसार कर्मचारियों की कुल संख्या 587311 है जिसमें 2.88 लाख नियमित कर्मचारी हैं और 2.99 लाख अतिरिक्त विभागीय कर्मचारी हैं ।

1980-81 से विभागीय कर्मचारियों की संख्या
(आंकड़े हजार में)



प्रशिक्षण

स्टाफ को प्रशिक्षण दिलाना विभाग का एक मुख्य कार्य रहा है । इस समय पांच क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्र कार्य कर रहे हैं जो प्रचालन और पर्यवेक्षकीय कर्मचारियों को प्रारंभिक और सेवाकालीन प्रशिक्षण देते हैं । वर्ष के दौरान लगभग 9000 कर्मचारियों को यह प्रशिक्षण दिया गया । विभाग के राष्ट्रीय स्तर के संस्थान, पोस्टल स्टाफ कालेज द्वारा

31.3.1988 को कर्मचारियों की संख्या



भारतीय डाक सेवा और भारतीय डाक-तार वित्त एवं लेखा सेवा के सीधी भर्ती किए गए अधिकारियों के लिए प्रारंभिक प्रशिक्षण दिया जाता है । विभिन्न संवर्गों के 172 अधिकारियों ने पोस्टल स्टाफ कालेज द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया । प्रशिक्षण कार्यक्रम में पुनश्चर्या पाठ्यक्रम, सेमिनार, कार्यशाला और प्रशासकीय विकास कार्यक्रम भी शामिल हैं । विदेश डाक प्रशासन के प्रशिक्षण अधिकारियों को प्रशिक्षण केन्द्रों में भी प्रशिक्षण दिया गया ।

पोस्टल स्टाफ कालेज ने यूनीवर्सल पोस्टल यूनियन की ओर से अन्तर्राष्ट्रीय डाक परिचालन पर एक कार्यशाला का आयोजन किया जिसमें 15 देशों के 17 अधिकारियों ने भाग लिया । भारत का प्रतिनिधित्व पांच लोगों ने किया । गाजियाबाद स्थित पोस्टल स्टाफ कालेज भवन का निर्माण-कार्य प्रगति पर है और भवन के एक विंग का निर्माण पूरा हो गया है ।

कर्मचारी संबंध

डाक विभाग ने डाक कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व करने के लिए तीन परिसंघों और 26 यूनियनों/एसोसिएशनों को मान्यता प्रदान की है । डाक कर्मचारी राष्ट्रीय परिसंघ, राष्ट्रीय डाक संगठन परिसंघ और भारतीय डाक कर्मचारी परिसंघ और अन्य यूनियनों/एसोसिएशनों ने अपनी मांगें प्रस्तुत कीं जिन पर विधिवत् विचार किया गया और इन मांगों पर की गई कार्रवाई उनके प्रतिनिधियों को जब स्पष्ट की गई तो उसके परिणाम संतोषजनक रहे। अप्रैल, 1988 से मार्च 1989 तक स्थानीय स्तरों पर कुछ स्थानीय घटनाओं और धरनों आदि को छोड़कर विभाग में प्रशासन और यूनियनों के संबंध कुल मिला-जुलाकर अच्छे रहे ।

27 और 28 जुलाई, 1988 को विभागीय परिषद (जे सी एम) की एक बैठक हुई जिसमें 89 मदों पर विचार विमर्श किया गया । विभागीय परिषद की दूसरी बैठक कर्मचारी पक्ष की मांग पर स्थगित कर देनी पड़ी । सचिव ने विभिन्न फेडरेशनों/गैर फेडरेशन यूनियनों/एसोसिएशनों को पांच आवधिक बैठकों की स्वीकृति दी । 19.4.1988 और 22.4.1988

को सचिव ने तीन फेडरेशनों के प्रतिनिधियों से विशेष साक्षात्कार किया । फेडरेशनों की स्थायी समितियों की तीन बैठकें हुई जिनमें आवधिक बैठकों की उन मदों की प्रगति पर विचार-विमर्श हुआ जिन्हें उन बैठकों में रखा गया था । अखिल भारतीय बचत बैंक नियंत्रण कर्मचारी संघ की समस्याओं पर विचार करने के लिए 29.12.1988 को सदस्य (विकास) ने एक विशेष साक्षात्कार की अनुमति दी ।

राष्ट्रीय डाक पुरस्कार

कर्मचारियों की सराहनीय सेवाओं को मान्यता देना और उन्हें सम्मानित करना एक महत्वपूर्ण प्रेरणादायक कदम है । इन तथ्यों को ध्यान में रखते हुए 1984 से राष्ट्रीय पुरस्कार देना प्रारम्भ किया गया । इन पुरस्कारों को "मेघदूत" पुरस्कार के नाम से जाना जाता है । पुरस्कार सर्किल स्तर पर भी दिए जाते हैं जिन्हें "डाक सेवा" पुरस्कार के नाम से जाना जाता है ।

मेघदूत पुरस्कार निम्नलिखित श्रेणियों के कर्मचारियों को दिया जाता है जो सर्किल अध्यक्षों की सिफारिशों पर एक समिति द्वारा चुने जाते हैं :-

- सभी श्रेणियों के अतिरिक्त विभागीय कर्मचारी;
- वर्ग "घ" कर्मचारी, पोस्टमैन और समकक्ष स्तर के कर्मचारी;
- किसी कार्यालय के प्रधान की हैसियत से कार्य करने वाले ग्रुप "ग" कर्मचारी;
- डाक और छंटाई सहायक;
- सभी श्रेणियों के अवर या उच्च चयन ग्रेड के पर्यवेक्षण कर्मचारी, निरीक्षक और सहायक अधीक्षक;
- उपर्युक्त किसी भी श्रेणी से संबंधित महिला कर्मचारी ।

डाक विभाग के निम्नलिखित कर्मचारियों को वर्ष 1988 के उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए "मेघदूत" पुरस्कार तत्कालीन संचार राज्य मंत्री श्री गिरिधर गोमांगो द्वारा 12 अक्तूबर, 1988 को दिए गए :-

- श्री जी. एन. त्रिवेदी, शाखा पोस्टमास्टर, गुजरात सर्किल;
- श्री जी. विक्टर धनराज, पोस्टमैन, कर्नाटक सर्किल;
- श्री के. राजेन्द्रन, डाक सहायक, केरल सर्किल;
- श्री ध्रुव चरण बेहेरा, डाक सहायक, उड़ीसा सर्किल;
- श्री अमर सिंह सैनी, सहायक अधीक्षक डाकघर, हिमाचल प्रदेश; और
- श्रीमती एम. के. मीरा, पर्यवेक्षक, बचत बैंक नियंत्रण संगठन, कर्नाटक सर्किल ।

चिकित्सा सुविधाएं

कर्मचारियों को स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं को सुनिश्चित करने के लिए विभाग देश के 45 स्थानों पर 55 औषधालय चला रहा है जो घर जाकर मरीज को देखने, नैमित्तिक प्रयोगशाला जांच और दवाई की सप्लाई सहित बहिरंग चिकित्सा सुविधा प्रदान करते हैं । ये औषधालय दूरसंचार विभाग के कर्मचारियों को भी चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करते हैं । ये औषधालय कर्मचारियों तथा उनके परिवार के सदस्यों को समय से तथा पर्याप्त चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करते हैं ।

कल्याण

डाक विभाग जैसे संगठन के लिए, जिसमें कर्मचारियों की संख्या बहुत अधिक है, कर्मचारी कल्याण का अत्यंत महत्व है । इस बात को ध्यान में रखते हुए संचार मंत्री की अध्यक्षता में एक "डाक सेवा कर्मचारी कल्याण बोर्ड" का गठन किया गया है । इस बोर्ड का उद्देश्य कर्मचारियों के लिए सुख-सुविधाओं को बढ़ाना और कल्याण कार्यक्रमों, खेलों एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का विकास करना है । विभिन्न प्रचालन पदों पर विशिष्ट खिलाड़ियों को नियुक्त करने की योजना चल रही है । वर्ष 1988-89 के दौरान कल्याण कार्यों पर 70 लाख रुपए खर्च किए गए । खेलकूद पर 28 लाख रुपए खर्च किए गए । असम और पंजाब सर्किलों के बाढ़ग्रस्त कर्मचारियों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए उक्त सर्किलों को विशेष आवंटन दिया गया । पंजाब में आतंकवादियों द्वारा मारे गए कर्मचारियों के परिवारों को नियमित कर्मचारियों के मामले में 20,000/- रु. और अतिरिक्त विभागीय एजेंटों के मामले में 10,000/-रु. की विशेष अनुदान राशि मंजूर की गई । बाढ़/आग राहत/यात्रा-भत्ता के अनुदान की रकम और कर्मचारियों के विकलांग तथा मानसिक रूप से पिछड़े बच्चों के लिए आर्थिक सहायता राशि बढ़ा दी गई

है । डाक कर्मचारियों के विकलांग और मानसिक रूप से पिछड़े बच्चों के लिए उपलब्ध सुविधाओं को अब नेत्रहीन बच्चों के लिए भी उपलब्ध करा दिया गया है ।

कर्मचारियों और उसके परिवारों को विश्राम और मनोरंजनात्मक सुविधाएं प्रदान करने के लिए 16 स्थानों पर हॉलीडे होम स्थापित किये गए हैं । पहलगांव (जम्मू-कश्मीर) में एक हॉलीडे होम खोलने और सपूतरा (गुजरात) में एक हॉलीडे होम के निर्माण का प्रस्ताव मंजूर कर दिया गया है । टी.बी. से पीड़ित कर्मचारियों और उनके परिवारजनों की चिकित्सा के लिए देश भर के विभिन्न सैनिटोरियम/अस्पतालों में 39 बिस्तर आरक्षित हैं । देशभर में विभिन्न जगहों पर विभाग द्वारा सहायता प्राप्त पुस्तकालय, कैंटीन और मनोरंजन क्लब चलाए गए ।

अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति

विभाग अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के आवेदकों की भर्ती और पदोन्नति के छूट दिये गये मानदंड अपनाने के प्रयोजन से मौजूदा सरकारी आदेशों को पूरी तरह कार्यान्वित कर रहा है । अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के आवेदकों को पर्याप्त प्रोत्साहन देने की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए विभाग ने आगे यह निर्णय लिया है कि यदि छूट दिये गये मानदंडों के अंतर्गत भी अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के आवेदक अपेक्षित संख्या में प्रतियोगिता परीक्षा में अर्हता प्राप्त नहीं करते हैं तो अनुत्तीर्ण आवेदकों के मामलों को उनकी सेवा के गोपनीय रिकार्ड तथा परीक्षा में किए गए प्रदर्शन के आधार पर समीक्षा की जानी चाहिए । यह समीक्षा मुख्यतः उच्च दायित्व के लिए उम्मीदवारों की उपयुक्तता सुनिश्चित करने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों की समिति द्वारा की जाती है । जिन उम्मीदवारों को पदोन्नति के अयोग्य नहीं पाया जाता, उन्हें अर्हता स्तर तक लाने के लिए, जहां अपेक्षित होता है अनुग्रह अंक दिए जाते हैं ।

अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के कर्मचारियों का प्रतिशत (1987-88)



अल्पसंख्यकों का कल्याण

विभाग नियमों और विनियमों के मानदंडों के अल्पसंख्यक कल्याण के संबंध में सरकारी नीति कार्यान्वित करता रहा है । इस संबंध में वर्ष 1979 में अनुदेश जारी किए गए थे और समय-समय पर इनकी पुनरावृत्ति की गई जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि अल्पसंख्यक समुदाय के सदस्य को सदैव विभागीय पदोन्नति समितियों से जुड़ा होना चाहिए ।

कार्य-अध्ययन और कार्य-पद्धति अध्ययन

आंतरिक कार्य-अध्ययन यूनिट फील्ड यूनिटों में कर्मचारियों के निर्धारण संबंधी मानदंडों से जुड़े विश्लेषण-अध्ययन तथा कार्य को आंकने और कार्य पद्धति अध्ययन संबंधी कार्य करती है । आंतरिक कार्य अध्ययन इकाई और दक्षता ब्यूरो ने वर्ष भर डाक उत्कृष्टता समिति की सहायता की । समिति ने सितम्बर में एक अंतरिम रिपोर्ट प्रस्तुत की ।

वर्ष 1988-89 के दौरान निम्नलिखित अध्ययन पूरे किए गए:

- एकमुश्त डाक भेजने वालों द्वारा भेजी गई डाक की पद्धति और एकमुश्त डाक के भेजने में संभावित सुधार का अध्ययन;
- राष्ट्रीय बचत पत्रों में कार्य की अतिरिक्त मदों के लिए मानदंडों के विकास से संबंधित कार्य-अध्ययन;
- प्रशिक्षण और ई बी सेल तथा पेंशन अनुभाग का कार्य मापन अध्ययन;
- फिलैटली और मैगजीन अनुभागों की कार्य पद्धति का अध्ययन

सरकारी कामकाज में हिन्दी का प्रयोग

विभाग केन्द्रीय सरकार की नीति के अनुसार अपने यहाँ और अपने अधीनस्थ कार्यालयों में राजभाषा के रूप में हिन्दी का अधिक से अधिक इस्तेमाल सुनिश्चित करने के लिए निरन्तर प्रयत्नशील रहा है । इस वर्ष विभाग की हिन्दी सलाहकार समिति की केवल एक ही बैठक हो सकी लेकिन विभाग में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 5 बैठकें हुई जिनमें विभाग और उसके अधीनस्थ कार्यालयों में हिन्दी के प्रगामी प्रयोग की समीक्षा की गयी ।

विभाग में दो बार हिन्दी कार्यशालाएं आयोजित की गयीं तथा 14 सितम्बर, 1989 से हिन्दी सप्ताह मनाया गया । इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई और विजेताओं को नकद पुरस्कार दिये गये । इसके अतिरिक्त विभाग में राजभाषा शील्ड योजना शुरू की गयी । इस योजना के तहत ऐसे 3 अनुभागों का चुनाव किया गया जिन्होंने हिन्दी में सबसे अधिक काम किया है । विभाग में सभी प्रशिक्षण केन्द्रों पर हिन्दी के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जा रहा है । भारतीय डाक विभाग गृह मंत्रालय (राजभाषा विभाग) द्वारा वर्ष 1988-89 के कार्यक्रम में दिये गये लक्ष्यों को पूरा करने के लिए पूरे वर्ष प्रयत्नशील रहा ।

डाक वित्त

1960–61 से डाक सेवा, जो पहले राजस्व और खर्च के बीच संतुलन बनाए रखने में समर्थ थी, धीरे–धीरे घाटे की ओर बढ़ रही है । जबकि डाक सेवाओं की प्रचालन लागत निरंतर बढ़ती रही, विभिन्न डाक सेवाओं की दरें या तो वही बनी रहीं या उनमें केवल नाममात्र की वृद्धि की गई, किन्तु यह वृद्धि भी उन पर आने वाली आर्थिक लागत से काफी कम रखी गई थी । परिणामस्वरूप, इन पर होने वाले घाटे को दूरसंचार सेवाओं द्वारा पूरा किया जाता था । 1.1.1985 से डाक और तार विभाग का विभाजन हो जाने से, डाक सेवाओं को, विभाग के भीतर ही दूरसंचार सेवाओं की अतिरिक्त आय से मिलने वाली आर्थिक सहायता की संभावना समाप्त हो गई। डाक सेवाओं के प्रचालन में होने वाला घाटा अब सामान्य राजकोष द्वारा वहन किया जाता है ।

एक अलग विभाग के रूप में कार्य करते हुए पिछले चार वर्षों के दौरान विभाग को वर्ष 1985–86, 1986–87, 1987–88 और 1988–89 में क्रमशः 163.5 करोड़ रु. 216.4 करोड़ रु., 190.8 करोड़ रु. और 169.7 करोड़ रु. के राजस्व का घाटा हुआ ।

1.1.1987 से अनेक सेवाओं के मूल्यों में संशोधन करने के बावजूद विभिन्न सेवाओं की लागत उनके द्वारा अर्जित किए जाने वाले राजस्व की तुलना में निरंतर बढ़ती रही । लगभग सभी मुख्य सेवाओं के मामले में राजस्व उन पर आने वाली सीधी लागत से काफी कम था । सामान्य प्रशासन, लेखा, भंडारण और वितरण आदि की ऊपरी लागत को यदि सभी प्रकार की डाक सेवाओं में बांटा जाता, तब भी उनकी लागत उनके द्वारा अर्जित राजस्व की तुलना में अधिक होगी ।

राजस्व और व्यय
(दस लाख रु. में)



वर्ष 1988–89 के दौरान अर्जित कुल राजस्व 741.8 करोड़ रु. था, जो 1987–88 के दौरान अर्जित राजस्व की तुलना में कुल 98.8 करोड़ रु. और प्रतिशतता की दृष्टि से 15.4 प्रतिशत अधिक था । वर्ष में जितना राजस्व अर्जित करने का अनुमान किया गया था उसमें से 95.8% राजस्व वसूल किया गया ।

राजस्व 1988-89

	राशि (मिलियन रुपयों में)	प्रतिशत
– डाक टिकटों की बिक्री	4153.8	55.99
– नकद वसूल किया गया डाक शुल्क	1255.9	16.93
– मनीआर्डरों और भारतीय पोस्टल आर्डरों पर कमीशन	1008.9	13.60
– अन्य प्राप्तियां	999.9	13.48

व्यय 1988-89

	राशि (मिलियन रुपयों में)	प्रतिशत
– सामान्य प्रशासन	729.2	8.00
– प्रचालन	6084.5	66.75
– एजेंसी सेवाएं	288.9	3.17
– अन्य	2012.7	22.08

महत्वपूर्ण श्रेणियों का सकल राजस्व व्यय नीचे दिया गया है :

	राशि (लाख रुपयों में)	प्रतिशत
– वेतन और भत्ते आकस्मिकता अंतरिम राहत और अन्य मदें	862.60	79.43
– लेखा और लेखापरीक्षा	25.76	2.37
– पेंशन संबंधी प्रभार	99.89	9.20
– डाक टिकटें, पोस्टकार्ड	35.54	3.27
